**(GI-8 & FMT)**

**DATE: 30.03.2023** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 3¼ Hours**

## PAPER : LAW

**Answer to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium. His/her answer in Hindi will not be valued.**
**Question No. 1 & 2 is compulsory.**
**Candidates are also required to answer any Four questions from the remaining Five Questions.**

## DIVISION - A

**Question 1:**

1. नेहा प्राइवेट लि0 नाम से एक निजी कम्पनी का समामेलन वर्ष 2002 में हुआ था। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय वाई राज्य के के (K) शहर में स्थित था।

   वित्तीय वर्ष के दौरान जो 01/04/2018 से प्रारंभ होकर 31/03/2009 को खत्म होता है, कम्पनी नेहा प्राइवेट लि0 का कुल आवर्त 1010 करोड़ था। कम्पनी का शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 18–19 में 4 करोड़ था।

   नेहा प्राइवेट लि0 के निदेशक मण्डल में केवल दो निदेशक शामिल थे, जैसे– मि0 एम. एण्ड मि. एन.। वर्ष 2002 में कम्पनी के निगमन से कम्पनी के दो निदेशक मि. एम. और मि. एन. थे। नेहा प्राइवेट के दो निदेशकों श्री एम. और श्री एन. का मत था कि कम्पनी के वित्तीय वर्ष 19–20 में कम्पनी पर कोई भी निगम सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं है। इसी कारण कम्पनी नेहा प्राइवेट लि0 के वर्ष 18–19 के लिए शुद्ध लाभ 4 करोड़ था जो कि 5 करोड़ से कम थी।

   श्री एन. जो कि नेहा प्रा0लि0 के अन्य निदेशक है जो कि श्री एम. के समान अपनी राय नहीं रखते। उनकी राय थी कि बोर्ड की निगम सामाजिक दायित्व कमेटी का गठन कम्पनी के लिए होना चाहिए। नेहा प्रा0लि0 का वित्तीय वर्ष 15–16, 16–17 और 17–18 के लिए क्रमशः 1 करोड़, 2 करोड़ और 3 करोड़ थे।

   कम्पनी अधिनियम के मूल प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए निम्न बहुकल्पनीय प्रश्नों के उत्तर दें :–

   (ए) नेहा प्राइवेट लि0 के निदेशक श्री एम. लि0 की राय थी की वित्तीय वर्ष 19–20 के लिए कम्पनी बोर्ड की कोई भी निगम सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं है, लेकिन श्री एन0 अन्य निदेशक की राय में इसे बनाने की आवश्यकता है। आपकी राय में कौनसा निदेशक सही है। और क्यों–

   (a) श्री एम. क्योंकि नेहा प्रा0लि0 का वित्तीय वर्ष 18–19 का शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये से कम था।
   (b) श्री एन. क्योंकि नेहा प्रा0लि0 का वित्तीय वर्ष 18–19 का शुद्ध लाभ 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा था।
   (c) श्री एन. क्योंकि नेहा प्रा0लि0 का वित्तीय वर्ष 18–19 का शुद्ध लाभ 2 करोड़ रुपये से ज्यादा है।
   (d) श्री एम. क्योंकि नेहा प्रा.लि. का वित्तीय वर्ष 18–19 का आवर्त 1500 करोड़ से कम था।

   **(2 Marks)**

   (बी) नेहा प्रा0लि0 कम्पनी को निगम सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए योगदान राशि खर्च करने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए–

   (a) वाई राज्य के ओ शहर को
   (b) जेड राज्य के ए शहर को
   (c) जेड राज्य के जी शहर को
   (d) वाई राज्य के ''के'' (K) शहर को

   **(2 Marks)**

   (सी) कानून के अनुसार निगम सामाजिक उत्तरदायित्व समिति में तीन या अधिक निदेशक शामिल होंगे, इसलिए नेहा प्रा0लि0 निगम सामाजिक उत्तरदायित्व निगम सामाजिक उत्तरदायित्व करेगी।

(a) गठन नहीं किया जाएगा क्योंकि कम्पनी में श्री एम. और श्री एन. के दो निदेशक है।
(b) गठन किया जाएगा एक और निदेशक श्री एम. और श्री एन. के अलावा नियुक्ति किया जाएगा।
(c) गठन किया जाएगा श्री एम. और श्री एन. दोनों, निदेशकों के साथ ही।
(d) गठन किया जाएगा, श्री एम. और श्री एन. के अतिरिक्त दो निदेशकों की नियुक्ति के बाद।

**(2 Marks)**

(डी) नेहा प्रा0लि0 कम्पनी वित्तीय वर्ष 18–19 में निगम सामाजिक उत्तरदायित्व पर कम से कम राशि खर्च करेगी।
(a) 0.04 करोड़
(b) 0.12 करोड़
(c) 0.18 करोड़
(d) 0.06 करोड़

**(2 Marks)**

2. निम्नलिखित में से कौन–सा पार्षद सीमानियम की विषय–वस्तु नहीं है?
(a) नाम खण्ड
(b) पंजीकृत कार्यालय खण्ड
(c) उद्देश्य खण्ड
(d) निदेशक मण्डल खण्ड

**(1 Mark)**

3. केवल प्राकृतिक व्यक्ति जो भारतीय नागरिक है और जो तत्काल पूर्व एक कैलेण्डर वर्ष के दौरान कम से कम ....................दिनों की अवधि के लिए भारत में रहे है ओपीसी को निर्गमित करने के लिए पात्र होंगेः
(a) 180 दिन
(b) 181 दिन
(c) 120 दिन
(d) 183 दिन

**(1 Mark)**

4. कम्पनी अधिनियम की धारा 8 में पंजीकृत कम्पनी को सभा शुरू होने के––––––––पहले नोटिस देना होता है।
(a) 7 दिन
(b) 14 दिन
(c) 21 दिन
(d) 27 दिन

**(1 Mark)**

5. शेल्क प्रविवरण वैध रहता है, तकः
(a) 6 महीने
(b) 1 वर्ष
(c) 2 वर्ष
(d) 5 वर्ष

**(1 Mark)**

6. पूँजी का हिस्सा जिसके लिए जनता से आवेदन प्राप्त हुए हैं और उन्हें अंशों को आवंटित किया गया है :
(a) नाममात्र पूँजी
(b) निर्गमित पूँजी
(c) अभिदत्त पूँजी
(d) याचिका पूँजी **(1 Mark)**

7. अंश जिन्हें किसी कम्पनी द्वारा उनके निदेशकों या कर्मचारियों को छूट पर या किसी राशि के लिए निर्गमित किए जाते हैं :
   (a) समता अंश
   (b) पूर्वाधिकार अंश
   (c) स्वेट समता अंश
   (d) प्रतिदेय पूर्वाधिकार अंश **(1 Mark)**

8. धारा 76 के अनुसार, पात्र एक कम्पनी, जो धारा 180 (1) (c) के तहत् निर्दिष्ट सीमाओं के भीतर निक्षेपों को स्वीकार कर रही है, ––––––के माध्यम से निक्षेप स्वीकार कर सकती है।
   (a) सामान्य प्रस्ताव
   (b) पूर्ण प्रस्ताव
   (c) विशेष प्रस्ताव
   (d) केन्द्र सरकार की सहमति से विशेष प्रस्ताव

**(1 Mark)**

9. इसमें निम्नलिखित में से किसके लिए साधारण प्रस्ताव की आवश्यकता है?
   (a) कम्पनी के नाम को परिवर्तित करने के लिए
   (b) पार्षद अर्न्तियम को परिवर्तित करने के लिए
   (c) अंश पूँजी को कम करने के लिए
   (d) लाभांश घोषित करने के लिए

**(1 Mark)**

10. किसी भी कम्पनी को विशेष कारणों के लिए वार्षिक आम बैठक आयोजित करने के लिए रजिस्ट्रार द्वारा विस्तार दे सकता है (कम्पनी के पहले एजीएम के मामले को छोड़कर)ः
   (a) 1 महीना
   (b) 2 महीना
   (c) 3 महीना
   (d) 6 महीना **(1 Mark)**

11. निम्न में से कौन–सी राशि आईईपीएफ में जमा नहीं की गई है?
   (a) कम्पनी का असंगत लाभांश खाता
   (b) कम्पनी के पास परिपक्व जमा
   (c) परिसम्पत्ति के विक्रय पर लाभ
   (d) कम्पनी के पास परिपक्व ऋणपत्र

**(1 Mark)**

12. निम्न में से कौन–सा कम्पनी की लेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत करने के लिए निषिद्ध सेवाएँ हैः
   (a) किसी भी वित्तीय सूचना प्रणाली के डिजाइन और कार्यन्वयन
   (b) उनके द्वारा जाँच किए गए खाते पर कम्पनी के सदस्यों की रिपोर्ट
   (c) लेखा परीक्षा मानकों का अनुपालन
   (d) केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कम्पनी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग

**(1 Mark)**

13. प्रलेख में जिस व्यक्ति को पैसा भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है–
   (a) आदेशक
   (b) स्वीकर्त्ता
   (c) वचनदाता
   (d) आदाता

**(1 Mark)**

14. एक परक्राम्य साध्य प्रलेख के पक्षकारों को दायित्व से मुक्त किया जा सकता है, द्वारा–
    (a) रद्दकरण
    (b) भुगतान
    (c) मुक्ति
    (d) ऊपर के सभी

**(1 Mark)**

15. एक व्यक्ति द्वारा दूसरे को माल के वितरण के रूप में ऋण के भुगतान के लिए दी गई प्रत्याभूति कहलाती है–
    (a) निक्षेप
    (b) गिरवी
    (c) बन्धक
    (d) दृष्टि–बन्धक (Hypothecation)

**(1 Mark)**

16. प्रस्तावना किसी भी कानून में सबसे महत्वपूर्ण है, यहः
    (a) अधिनियम में परिभाषाऐं प्रदान करता है
    (b) अधिनियम के दायरे, उद्देश्य और प्रयोजन को व्यक्त करता है
    (c) पूरे अधिनियम का सारांश प्रदान करता है
    (d) उपरोक्त में सके कोई भी नहीं

**(1 Mark)**

17. लाभप्रद निर्माण के नियम को ऐसे भी जाना जाता है–
    (a) एकाग्र संरचना
    (b) क्षति का नियम
    (c) हेडोन का नियम
    (d) ऊपर दिये गये सभी

**(1 Mark)**

18. स्पष्टीकरण के निम्नलिखित साधनों में से एक विषम को उठाइये–
    (a) प्रस्तावना
    (b) सीमावर्ती टिप्पणी
    (c) प्रावधान
    (d) प्रयोग

**(1 Mark)**

19. कम्पनी अधिनियम, 2013 की परिभाषा रिश्तेदार में शामिल नहीं है–
    (a) पिता
    (b) माता
    (c) चाचा
    (d) बहन

**(1 Mark)**

20. स्वेट समता अंश निम्न में से किसे नहीं दिये जाते है–
    (a) निदेशक
    (b) कर्मचारी
    (c) कम्पनी का अधिकारी
    (d) कम्पनी का सदस्य

**(1 Mark)**

21. कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार शुद्ध मूल्य में शामिल नहीं है–
    (a) प्रदत्त अंश पूँजी
    (b) स्वतंत्र संचय
    (c) प्रतिभूति प्रीमियम खाता
    (d) उपरोक्त कोई नहीं

**(1 Mark)**

22. निम्न में किसके आगे "Ltd." शब्द लगाना आवश्यक नहीं है–
    (a) सार्वजनिक कम्पनी
    (b) लिस्टेड सार्वजनिक कम्पनी
    (c) सरकारी कम्पनी
    (d) उपरोक्त कोई नहीं

**(1 Mark)**

23. अधिवास खण्ड संबंधित है–
    (a) कम्पनी के नाम से
    (b) कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय से
    (c) कम्पनी के उद्देश्य से
    (d) कम्पनी के सदस्य के दायित्व से

**(1 Mark)**

## DIVISION - B

**Question 2:**

**(a)** XY Ltd. का पंजीकृत कार्यालय मुम्बई, महाराष्ट्र राज्य में स्थित है अधिक अच्छी प्रशासनिक सुविधा के लिए कम्पनी अपना पंजीकृत कार्यालय मुम्बई से पुणे में स्थानान्तरित करना चाहती है। इस स्थानान्तरण के लिए क्या औपचारिकताएँ पूरी करनी होंगी जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 2013 में प्रावधान किया गया है। इसकी व्याख्या कीजिए?

**(5 Marks)**

**(b)** आन्तरिक प्रबन्धन के सिद्धान्त के अपवाद की व्याख्या करें?

**(5 Marks)**

**(c)** A ने B के साथ एक निश्चित मूल्य के बदले एक मकान निर्दिष्ट समय में बनाने का अनुबंध किया। B मकान के निर्माण के लिए आवश्यक भवन सामग्री उपलब्ध करायेगा। C ने A के द्वारा अनुबन्ध के निष्पादन की गारंटी दी। B ने भवन सामग्री की आपूर्ति नहीं की। क्या C अपने दायित्व से मुक्त हो गया?

**(4 Marks)**

**(d)** भारत लिमिटेड के निदेशक मण्डल की एक व्यावहारिक समस्या है। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय महाराष्ट्र के वर्गीकृत पिछड़े क्षेत्र में स्थित है। बोर्ड अपने लेखा खातों को मुबंई में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में रखना चाहता है जो सहजता से पहुँच वाले स्थान पर स्थित है। बोर्ड कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के अतिरिक्त अन्य जगह पर लेखा रिकॉर्ड को रखने की व्यवहार्यता के बारे में आपकी सलाह चाहता है। सलाह दें।

**(5 Marks)**

**Question 3:**

**(a)** यूनिक बिल्डर लिमिटेड ऋणपत्रों की कीमत का 2.5 प्रतिशत अभिगोपन कमीशन अभिगोपक को देगा परन्तु कम्पनी के अन्तर्नियम ऋणपत्रों पर 2 प्रतिशत अभिगोपन कमीशन की अनुमति देते हैं। कम्पनी ने यह तक किया है कि अभिगोपन कमीशन फ्लैट के रूप में देंगे। कम्पनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में ऊपर बतायी गयी व्यवस्था की वैधता बताइए?

**(5 Marks)**

**(b)** श्री राम, एक वकील ने धोखे से अपने ग्राहक श्री श्याम को धोखा दिया, जो कराधान मामलों पर उनकी विशेषज्ञ सलाह ले रहे थे। अब, श्री राम अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के साथ–साथ आयकर अधिनियम, 1961 के तहत धोखाधड़ी करने के लिए एक दंड के लिए उत्तरदायी हैं। यह प्रावधान है कि क्या उनका अपराध दोनों अधिनियमों के तहत सर्वसाधारण परिभाषा अधिनियम 1897 (General Clauses Act 1897) के अनुसार दंडनीय है?

**(5 Marks)**

**(c)** P एक विपत्र Q के नाम रुपये 10,000 के लिए बनाता है। Q उस विपत्र को स्वीकार कर लेता है। परिपक्वता पर उस विपत्र का भुगतान नहीं किया जाता है और बिना भुगतान किए वापस लौटा दिया जाता है। P, Q के विरूद्ध रुपये 10,000/– वसूल करने का दावा डाल देता है। Q यह सिद्ध कर देता है कि उस विपत्र को रुपये 7,000 की राशि ही भुगतान के लिए स्वीकार किया गया था और उसने दावा करने वाले से रुपये 3,000 की बकाया राशि की छूट माँगी थी परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के सन्दर्भ में यह निर्णय कीजिए कि क्या P अपनी पूरी राशि (रुपये 10,000) Q से वसूल कर पाएगा।

**(4 Marks)**

**(d)** जनरल क्लास अनुबन्ध, 1897 के तहत् ''अचल सम्पत्ति'' क्या है?

**(3 Marks)**

**Question 4:**

**(a)** विभेदात्मक अधिकार वाले समता अंश जारी करने से पूर्व पूरी की जाने वाली शर्तें बताईये?

**(6 Marks)**

**(b)** VRS कं.लि. SV कं.लि. समता अंश के 45 प्रतिशत अंशों की धारक है। SV कम्पनी (1 जनवरी, 2007 को निगमित) के निदेशक मण्डल ने कम्पनी की अंश पूँजी में नए समता अंश जारी करके वृद्धि की जाए। SV लि. के निदेशक मण्डल ने संकल्प पारित किया कि VRS कं. को नए अंश जारी न किये जाएँ क्योंकि उसके पास पहले सही बहुत अधिक अंश है, किन्तु SV कं.लि. के अन्तर्नियमों में प्रावधान था कि नए अंश वर्तमान अंशधारियों को ही दिये जाएं। 1 मार्च, 2007 VRS को कं.लि. को छोड़कर अन्य सभी अंशधारियों को प्रस्तावित किये गये। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में SV कं.लि. के निदेशक मण्डल द्वारा VRS कं. लि. को नये अंश न देने के निर्णय की वैधता की जाँच कीजिए।

**(6 Marks)**

**(c)** यदि आप एक विधि में निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हैं, तो आप एक विधि में परिभाषाओं की व्याख्या कैसे करेंगे?

(i) अर्थात्,

(ii) शामिल है।

उपरोक्त प्रत्येक विधियों से आप परिचित हैं उनका एक उदाहरण दें।

**(5 Marks)**

**Question 5:**

**(a)** जमाकर्ताओं के ट्रस्टी (न्यासी) की नियुक्ति से सम्बन्धित नियम बताइये?

**(6 Marks)**

**(b)** कंपनी से सूचना के अभाव में प्रभार की संतुष्टि की प्रविष्टि करने के लिए रजिस्ट्रार की क्या शक्तियाँ हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार चर्चा करें।

**(6 Marks)**

**(c)** एक उदाहरण का हवाला देते हुए विधियों की व्याख्या करते हुए 'लाभकारी निर्माण' का नियम समझाइए?

**(5 Marks)**

**Question 6:**

**(a)** KMP लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक 30 अप्रैल, 2016 को आयोजित की गई थी। कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम सामान्य सभी की कोरम के सम्बन्ध में मौन है। कम्पनी के कुल 2,750 सदस्यों में से केवल 10 सदस्य उपर्युक्त सभा में उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने कोरम की मांग के कारण सभा को स्थगित कर दिया। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में, अध्यक्ष के निर्णय की वैधता का परीक्षण करे।

**(7 Marks)**

**(b)** स्टार लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए अपने सभी ईक्विटी धारकों के लिए घोषित और लाभांश दिया और निम्नलिखित दो मामलों को छोड़कर :

(i) श्रीमती शीला ने 250 शेयरों को धारण करते हुए कम्पनी को अपने बैंक खाते में सीधे डिविडेंड राशि जमा करने के लिए स्वीकृत कर दिया था। कम्पनी ने लाभांश को तदानुसार प्रेषित किया, लेकिन बैंक ने इस आधार पर भुगतान वापस कर दिया कि बैंक रिकॉर्ड्स में प्राप्तकर्ता के उपनाम में अंतर था। हालांकि कम्पनी ने इस विसंगति के बारे में श्रीमती शीला को सूचित नहीं किया।

(ii) मुकदमे के सदंर्भ में पारिवारिक विवाद के कारण अदायगी आदेश को देखते हुए, मृतक श्री मोहन को 50,000 की लाभांश राशि का भुगतान नहीं किया गया था।

आपको लाभांश वितरित करने में विफलता के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में इन मामलों का विश्लेषण करना आवश्यक है।

**(6 Marks)**

**(c)** अंकेक्षक के पारिश्रमिक (Sec. 142) से संबंधित प्रावधान बताइये–

**(4 Marks)**

—**—